Series EF1GH/5

SET~2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/5/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**नोट / NOTE :**

(i) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं।*
*Please check that this question paper contains **39** printed pages.*

(ii) *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*
*Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

(iii) *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।*
*Please check that this question paper contains **34** questions.*

(iv) ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***
***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***

(v) *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*
*15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*



https://www.evidyarthi.in/

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र* **दो** *भागों में विभाजित है –* ***भाग – क*** *तथा* ***भाग – ख*** *।*

*(iii)* ***भाग – क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है ।*

*(iv)* ***भाग – ख*** *के* ***दो*** *विकल्प हैं – (I) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण, तथा (II) अभिकलित्र लेखांकन । परीक्षार्थियों को* ***भाग – ख*** *में चयनित विषय के अनुसार केवल* ***एक*** *ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***16*** *तथा* ***27*** *से* ***30*** *तक* ***एक-एक*** *अंक के प्रश्न हैं ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***17*** *से* ***20, 31*** *तथा* ***32*** ***तीन-तीन*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***21, 22*** *तथा* ***33*** ***चार-चार*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या* ***23*** *से* ***26*** *तथा* ***34*** ***छः-छः*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि,* ***एक-एक*** *अंक के* ***7*** *प्रश्नों में,* ***तीन-तीन*** *अंकों के* ***2*** *प्रश्नों में,* ***चार-चार*** *अंकों के* ***1*** *प्रश्न में तथा* ***छः-छः*** *अंकों के* ***2*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*



https://www.evidyarthi.in/

**General Instructions :**

(i) *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *This question paper is divided into* **two** *parts –* ***Part – A*** *and* ***Part – B.***

(iii) ***Part – A*** *is compulsory for all candidates.*

(iv) ***Part – B*** *has* **two** *options i.e. (I) Analysis of Financial Statements and (II) Computerised Accounting. Candidates must attempt only* **one** *of the given options as per the subject opted.*

(v) *Question Nos.* ***1*** *to* ***16*** *and* ***27*** *to* ***30*** *carries* ***1*** *mark each.*

(vi) *Question Nos.* ***17*** *to* ***20, 31*** *and* ***32*** *carries* ***3*** *marks each.*

(vii) *Question Nos.* ***21, 22****, and* ***33*** *carries* ***4*** *marks each.*

(viii) *Question Nos.* ***23*** *to* ***26*** *and* ***34*** *carries* ***6*** *marks each.*

(ix) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***7*** *questions of* **one** *mark,* ***2*** *questions of* **three** *marks,* ***1*** *question of* **four** *marks and* ***2*** *questions of* **six** *marks.*



https://www.evidyarthi.in/

## भाग – क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. (a) मानस तथा मिलि एक फर्म के साझेदार हैं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते हैं । भविष्य के लाभों में 1/4वें भाग के लिए अंकिता को एक नये साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया । मानस तथा मिलि की पूँजी क्रमशः ₹ 3,00,000 तथा ₹ 1,50,000 थी । अंकिता अपनी पूँजी के रूप में ₹ 2,00,000 लाई । अंकिता के प्रवेश पर फर्म की ख्याति का मूल्य था : 1

(A) ₹ 2,50,000 (B) ₹ 8,00,000

(C) ₹ 4,50,000 (D) ₹ 1,50,000

**अथवा**

(b) मिनी तथा मानसी साझेदार हैं तथा 4 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । उन्होंने लाभ में 3/7वें भाग के लिए निशा को एक नया साझेदार बनाया, जिसके 2/7वें भाग का अधिग्रहण उसने मिनी तथा 1/7वें भाग का मानसी से किया । मिनी, मानसी तथा निशा का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : 1

(A) 4 : 3 : 3 (B) 5 : 3 : 2

(C) 2 : 3 : 5 (D) 2 : 2 : 3

2. नीता, सुमन तथा हरीश एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । सुमन फर्म से सेवानिवृत्त हो गई । सुमन की सेवानिवृत्ति की तिथि को सुमन को ₹ 30,000 देय थे । शेष साझेदारों ने निर्णय लिया कि उसे यह भुगतान तीन वार्षिक किश्तों में पहले वर्ष की समाप्ति से प्रारम्भ करके किया जाएगा । ₹ 30,000 का हस्तांतरण निम्न में से किस खाते में किया जायेगा ? 1

(A) सुमन का ऋण खाता

(B) सुमन के निष्पादक का खाता

(C) सुमन का बैंक खाता

(D) सुमन का चालू खाता

3. प्रीमियर ऑटो लिमिटेड ने आनंद लिमिटेड से ₹ 3,60,000 मूल्य की परिसम्पत्तियों का क्रय किया तथा क्रय मूल्य का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया । प्रीमियर ऑटो लिमिटेड के द्वारा निर्गमित ऋणपत्रों की संख्या थी : 1

(A) 3,600 (B) 36,000

(C) 40,000 (D) 4,000



https://www.evidyarthi.in/

## PART – A

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. (a) Manas and Mili are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Anita is admitted as a new partner for 1/4$^{th}$ share in future profits. Capitals of Manas and Mili were ₹ 3,00,000 and ₹ 1,50,000 respectively. Anita brought ₹ 2,00,000 as her capital. The value of goodwill of the firm on Anita's admission. **1**

   (A) ₹ 2,50,000 (B) ₹ 8,00,000
   (C) ₹ 4,50,000 (D) ₹ 1,50,000

**OR**

   (b) Mini and Mansi are partners sharing profits in the ratio of 4 : 3. They admitted Nisha as a new partner for 3/7$^{th}$ share in profits which she acquired 2/7$^{th}$ from Mini and 1/7$^{th}$ from Mansi. The new profit sharing ratio of Mini, Mansi and Nisha will be : **1**

   (A) 4 : 3 : 3 (B) 5 : 3 : 2
   (C) 2 : 3 : 5 (D) 2 : 2 : 3

2. Nita, Suman and Harish were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Suman retired from the firm. On the date of Suman's retirement, ₹ 30,000 was due to her. The remaining partners decided to pay her in three yearly instalments starting from the end of the first year. ₹ 30,000 will be transferred to which of the following account : **1**

   (A) Suman's Loan Account (B) Suman's Executor's Accounts
   (C) Suman's Bank Account (D) Suman's Current Account

3. Premier Auto Ltd. purchased assets of the value of ₹ 3,60,000 from Anand Ltd. and made the payment of purchase consideration by issuing 11% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10 %. The number of debentures issued by Premier Auto Ltd. were : **1**

   (A) 3,600 (B) 36,000
   (C) 40,000 (D) 4,000



https://www.evidyarthi.in/

4. आदित्य, अभिनव तथा अंकित एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2022 को फर्म का विघटन हो गया । विघटन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आदित्य की नियुक्ति की गई जिसके लिए उसे ₹ 42,000 का पारिश्रमिक देय था । आदित्य विघटन व्यय भुगतान करने के लिए सहमत हो गया । विघटन पर वास्तविक व्यय ₹ 33,000 हुए, जिसका भुगतान आदित्य ने किया । आदित्य के पूँजी खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जानेवाली राशि होगी : 1

(A) ₹ 42,000
(B) ₹ 33,000
(C) ₹ 9,000
(D) ₹ 18,000

5. इंदू, विजय तथा पवन एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2022 से उन्होंने सुभाष को एक नया साझेदार बनाया । इंदू, विजय, पवन तथा सुभाष का नया लाभ विभाजन अनुपात 3 : 3 : 2 : 2 होगा । 31 मार्च, 2022 को उनके स्थिति विवरण का उद्धरण निम्न प्रकार से दिया गया है : 1

| देयताएँ | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| निवेश उतार–चढ़ाव संचय | 80,000 | निवेश (बाजार मूल्य ₹ 80,000) | 90,000 |

सुभाष के प्रवेश पर ‘निवेश उतार–चढ़ाव संचय’ का निम्न में से कौन सा लेखांकन सही होगा ?

**रोज़नामचा**

| | विवरण | | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | निवेश उतार–चढ़ाव संचय खाता | नाम | 10,000 | |
| | पुनर्मूल्यांकन खाता | | | 10,000 |
| (B) | निवेश उतार–चढ़ाव संचय खाता | नाम | 80,000 | |
| | इंदू का पूँजी खाता | | | 32,000 |
| | विजय का पूँजी खाता | | | 24,000 |
| | पवन का पूँजी खाता | | | 24,000 |
| (C) | पुनर्मूल्यांकन खाता | नाम | 10,000 | |
| | निवेश उतार–चढ़ाव संचय खाता | | | 10,000 |
| (D) | निवेश उतार–चढ़ाव संचय खाता | नाम | 80,000 | |
| | निवेश खाता | | | 10,000 |
| | इंदू का पूँजी खाता | | | 28,000 |
| | विजय का पूँजी खाता | | | 21,000 |
| | पवन का पूँजी खाता | | | 21,000 |


https://www.evidyarthi.in/

4. Aditya, Abhinav and Ankit were partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 3. On 31st March, 2022, the firm was dissolved. Aditya was appointed to complete the dissolution process for which he was allowed a remuneration of ₹ 42,000. Aditya also agreed to bear dissolution expenses. Actual expenses on dissolution amounted to ₹ 33,000 which were paid by Aditya. Aditya's Capital Account will be credited by : **1**

(A) ₹ 42,000 (B) ₹ 33,000

(C) ₹ 9,000 (D) ₹ 18,000

5. Indu, Vijay and Pawan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 3. They admitted Subhash into partnership with effect from 1st April, 2022. New profit sharing ratio among Indu, Vijay, Pawan and Subhash will be 3 : 3 : 2 : 2. An extract of their Balance Sheet as at 31st March, 2022 is given below : **1**

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Investment Fluctuation Reserve | 80,000 | Investments (Market Value ₹ 80,000) | 90,000 |

Which of the following is the correct accounting treatment of 'investment fluctuation reserve' at the time of Subhash's admission ?

**JOURNAL**

| | Particulars | Debit Amt. (₹) | Credit Amt. (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | Investment Fluctuation Reserve A/c Dr. | 10,000 | |
| | To Revaluation A/c | | 10,000 |
| (B) | Investment Fluctuation Reserve A/c Dr. | 80,000 | |
| | To Indu's Capital A/c | | 32,000 |
| | To Vijay's Capital A/c | | 24,000 |
| | To Pawan's Capital A/c | | 24,000 |
| (C) | Revaluation A/c Dr. | 10,000 | |
| | To Investment Fluctuation Reserve | | 10,000 |
| (D) | Investment Fluctuation Reserve A/c Dr. | 80,000 | |
| | To Investments A/c | | 10,000 |
| | To Indu's Capital A/c | | 28,000 |
| | To Vijay's Capital A/c | | 21,000 |
| | To Pawan's Capital A/c | | 21,000 |



https://www.evidyarthi.in/

6. (a) अमित, सुमित तथा कियारा साझेदार हैं तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि का विभाजन करते हैं । सुमित को कमीशन देने के पश्चात शुद्ध लाभ पर 15% कमीशन देय है । कमीशन देने से पूर्व शुद्ध लाभ ₹ 9,20,000 है । सुमित को देय कमीशन होगा : **1**

(A) ₹ 1,20,000 (B) ₹ 1,38,000
(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 55,200

**अथवा**

(b) पी, क्यू तथा आर एक फर्म के साझेदार हैं तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते हैं । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए उनके खाते के जमा पक्ष में पूँजी पर ब्याज की खतौनी 5% प्रति वर्ष की जगह 10% प्रति वर्ष कर दी गई । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 2,00,000; ₹ 1,00,000 तथा ₹ 50,000 थी । त्रुटि को सुधारने के लिए आवश्यक समायोजना प्रविष्टि होगी : **1**

**रोज़नामचा**

| | **विवरण** | **नाम राशि (₹)** | **जमा राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| (A) | पी का चालू खाता नाम | 2,000 | |
| | क्यू का चालू खाता | | 1,000 |
| | आर का चालू खाता | | 1,000 |
| (B) | पी का चालू खाता नाम | 3,000 | |
| | क्यू का चालू खाता | | 2,000 |
| | आर का चालू खाता | | 1,000 |
| (C) | पी का पूँजी खाता नाम | 2,000 | |
| | क्यू का पूँजी खाता | | 1,000 |
| | आर का पूँजी खाता | | 1,000 |
| (D) | पी का पूँजी खाता नाम | 3,000 | |
| | क्यू का पूँजी खाता | | 2,000 |
| | आर का पूँजी खाता | | 1,000 |


https://www.evidyarthi.in/

6. (a) Amit, Sumit and Kiara are partners sharing profits and losses in the ratio 2 : 2 : 1. Sumit is entitled to a commission of 15% on the net profit after charging such commission. The net profit before charging commission is ₹ 9,20,000. The amount of commission payable to Sumit will be : **1**

(A) ₹ 1,20,000 (B) ₹ 1,38,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 55,200

**OR**

(b) P, Q and R are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. For the year ended 31st March, 2022, interest on capital was credited to them @ 10% p.a. instead of 5% p.a. Their fixed capitals were ₹ 2,00,000; ₹ 1,00,000; ₹ 50,000 respectively. The necessary adjustment entry to rectify the error will be : **1**

**JOURNAL**

| | **Particulars** | | **Debit Amt. (₹)** | **Credit Amt. (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | P's Current A/c | Dr. | 2,000 | |
| | To Q's Current A/c | | | 1,000 |
| | To R's Current A/c | | | 1,000 |
| (B) | P's Current A/c | Dr. | 3,000 | |
| | To Q's Current A/c | | | 2,000 |
| | To R's Current A/c | | | 1,000 |
| (C) | P's Capital A/c | Dr. | 2,000 | |
| | To Q's Capital A/c | | | 1,000 |
| | To R's Capital A/c | | | 1,000 |
| (D) | P's Capital A/c | Dr. | 3,000 | |
| | To Q's Capital A/c | | | 2,000 |
| | To R's Capital A/c | | | 1,000 |


https://www.evidyarthi.in/

7. (a) एल, एम तथा एन एक फर्म के साझेदार हैं तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हैं । 1 अप्रैल, 2022 से उन्होंने लाभों को बराबर बाँटने का निर्णय किया । उस तिथि को सामान्य संचय में ₹ 2,00,000 का शेष था तथा लाभ–हानि खाते में ₹ 4,00,000 का जमा शेष था ।

लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण उपरोक्त के लिए रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : 1

**रोज़नामचा**

| | विवरण | | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | सामान्य संचय खाता | नाम | 2,00,000 | |
| | लाभ–हानि खाता | | | 2,00,000 |
| (B) | एम का पूँजी खाता | नाम | 80,000 | |
| | एन का पूँजी खाता | नाम | 20,000 | |
| | एल का पूँजी खाता | | | 1,00,000 |
| (C) | सामान्य संचय खाता | नाम | 2,00,000 | |
| | लाभ–हानि खाता | नाम | 4,00,000 | |
| | एल का पूँजी खाता | | | 2,00,000 |
| | एम का पूँजी खाता | | | 2,00,000 |
| | एन का पूँजी खाता | | | 2,00,000 |
| (D) | सामान्य संचय खाता | नाम | 2,00,000 | |
| | लाभ–हानि खाता | नाम | 4,00,000 | |
| | एल का पूँजी खाता | | | 3,00,000 |
| | एम का पूँजी खाता | | | 1,80,000 |
| | एन का पूँजी खाता | | | 1,20,000 |

**अथवा**



https://www.evidyarthi.in/

7. (a) L, M and N are partners sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. They decided to share profits equally with effect from 1st April, 2022. On that date, there was a balance of ₹ 2,00,000 in General Reserve and a credit balance of ₹ 4,00,000 in the Profit and Loss Account. The Journal Entry for the above on account of change in profit sharing ratio will be : **1**

**JOURNAL**

| | Particulars | | Debit Amt. (₹) | Credit Amt. (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | General Reserve A/c | Dr. | 2,00,000 | |
| | To Profit and Loss A/c | | | 2,00,000 |
| (B) | M's Capital A/c | Dr. | 80,000 | |
| | N's Capital A/c | Dr. | 20,000 | |
| | To L's Capital A/c | | | 1,00,000 |
| (C) | General Reserve A/c | Dr. | 2,00,000 | |
| | Profit and Loss A/c | Dr. | 4,00,000 | |
| | To L's Capital A/c | | | 2,00,000 |
| | To M's Capital A/c | | | 2,00,000 |
| | To N's Capital A/c | | | 2,00,000 |
| (D) | General Reserve A/c | Dr. | 2,00,000 | |
| | Profit and Loss A/c | Dr. | 4,00,000 | |
| | To L's Capital A/c | | | 3,00,000 |
| | To M's Capital A/c | | | 1,80,000 |
| | To N's Capital A/c | | | 1,20,000 |

**OR**



https://www.evidyarthi.in/

(b) एक्स, वाई तथा जैड साझेदार हैं तथा 2 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते हैं । 1 अप्रैल, 2022 से उन्होंने भविष्य में लाभों को 3 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । लाभ–हानि विभाजन अनुपात में परिवर्तन के समय खातों में दर्ज न किए गए फर्नीचर का लेखा, लेखा पुस्तकों में निम्न प्रकार से किया जाएगा : **1**

(A) साझेदारों के पूँजी खातों के नाम पक्ष में खतौनी करके ।

(B) पुनर्मूल्यांकन खाते के नाम पक्ष में खतौनी करके ।

(C) पुनर्मूल्यांकन खाते के जमा पक्ष में खतौनी करके ।

(D) साझेदारों के पूँजी खातों के जमा पक्ष में खतौनी करके ।

8\. (a) ऐसे ऋणपत्र जिनका भुगतान एक विशिष्ट अवधि की समाप्ति पर अथवा कम्पनी की जीवन अवधि में एकमुश्त अथवा किश्तों में किया जाता है, इस रूप में जाने जाते हैं : **1**

(A) रक्षित ऋणपत्र

(B) विशिष्ट कूपन दर ऋणपत्र

(C) मोचनीय ऋणपत्र

(D) परिवर्तनीय ऋणपत्र

**अथवा**

(b) ऋणपत्रों के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ? **1**

(A) ऋणपत्रों का निर्गमन नगद किया जा सकता है ।

(B) ऋणपत्रों का निर्गमन बट्टे पर नहीं किया जा सकता है ।

(C) ऋणपत्रों का निर्गमन संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में किया जा सकता है ।

(D) ऋणपत्रों का निर्गमन अधिमूल्य पर किया जा सकता है ।



https://www.evidyarthi.in/

(b) X, Y and Z are partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3 : 1. They decided to share future profits in the ratio of 3 : 2 : 1 with effect from 1st April, 2022. At the time of change of profit sharing ratio, unrecorded furniture will be recorded in the books of Accounts by : **1**

(A) Debiting it to Partners' Capital Account

(B) Debiting it to Revaluation Account

(C) Crediting it to Revaluation Account

(D) Crediting it to Partners' Capital Account

8. (a) The debentures which are payable on the expiry of a specified period either in lump-sum or in instalments during the life time of the company are known as : **1**

(A) Secured debentures

(B) Specific coupon rate debentures

(C) Redeemable debentures

(D) Convertible debentures

**OR**

(b) Which of the following statement is incorrect with respect to debentures ? **1**

(A) Debentures can be issued for cash.

(B) Debenture cannot be issued at discount.

(C) Debentures can be issued as collateral security.

(D) Debentures can be issued at premium.



https://www.evidyarthi.in/

निम्न काल्पनिक परिस्थिति को पढ़िये तथा इसके आधार पर प्रश्न सं. **9** तथा **10** का उत्तर दीजिए :

नित्या, श्रेया तथा इशिता एक फर्म की साझेदार हैं । वे 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटती हैं । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 1,80,000; ₹ 1,60,000 तथा ₹ 2,00,000 हैं । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में नित्या ने प्रत्येक तिमाही के अन्त में ₹ 7,500 का आहरण किया ।

9. साझेदारी संलेख में पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज देने का प्रावधान है । इशिता की पूँजी पर ब्याज की राशि होगी : **1**

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 16,000

(C) ₹ 20,000 (D) ₹ 10,000

10. औसत महीनों की संख्या जिन पर आहरण पर ब्याज की गणना की जायेगी, होंगे : **1**

(A) 3½ महीने (B) 4½ महीने

(C) 7½ महीने (D) 6 महीने

11. ₹ 10 के एक समता अंश जिस पर पूरी राशि माँग ली गई थी तथा जिस पर ₹ 6 का भुगतान किया गया, का शेष राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया गया । इसे निम्न में से किस न्यूनतम मूल्य पर पुनःनिर्गमित किया जा सकता है ? **1**

(A) ₹ 4 (B) ₹ 10

(C) ₹ 16 (D) ₹ 6

12. सममूल्य पर निर्गमित ₹ 10 प्रत्येक के 200 समता अंशो का ₹ 3 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया गया । ₹ 2 प्रति अंश की अन्तिम याचना अभी माँगी नहीं गई थी । हरण करने पर कितनी राशि की खतौनी अंश पूँजी के नाम पक्ष में की जायेगी ? **1**

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 1,600

(C) ₹ 1,000 (D) ₹ 2,200



https://www.evidyarthi.in/

Read the following hypothetical situation and answer Question Nos. **9** and **10** on the basis of the same.

Nitya, Shreya and Ishita are partners in a firm. They share profits in the ratio of 5 : 3 : 2. Their fixed capitals are ₹ 1,80,000; ₹ 1,60,000 and ₹ 2,00,000 respectively. For the year ending 31st March, 2022, Nitya withdrew ₹ 7,500 at the end of every quarter.

9. The partnership deed provided that interest on capital will be allowed @ 10% p.a. The amount of interest on Ishita's capital will be : **1**

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 16,000

(C) ₹ 20,000 (D) ₹ 10,000

10. The average number of months for which interest on drawings will be calculated, will be : **1**

(A) 3½ months (B) 4½ months

(C) 7½ months (D) 6 months

11. An equity share of ₹ 10 fully called up on which ₹ 6 has been paid was forfeited for the non-payment of the balance amount. At which of the following minimum price can it be reissued ? **1**

(A) ₹ 4 (B) ₹ 10

(C) ₹ 16 (D) ₹ 6

12. 200 equity shares of ₹ 10 each issued at par were forfeited for non-payment of first call of ₹ 3 per share. Final call of ₹ 2 per share was not yet called. By which amount the share capital will be debited on forfeiture ? **1**

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 1,600

(C) ₹ 1,000 (D) ₹ 2,200



https://www.evidyarthi.in/

13. खुशी, नमिता तथा मानवी एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 2 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे। 30 जून, 2022 को खुशी की मृत्यु हो गई। साझेदारी संलेख में प्रवाधान था कि किसी भी साझेदार की मृत्यु के समय मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ में उसके भाग की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ में से ₹ 10,000 घटाकर की जायेगी। **1**

पिछले तीन वर्षों के लाभ थे :

| वर्ष समाप्ति | लाभ/हानि (₹) |
|---|---|
| 31 मार्च, 2020 | 1,20,000 |
| 31 मार्च, 2021 | (50,000) |
| 31 मार्च, 2022 | 1,70,000 |

मृत्यु की तिथि तक लाभ में खुशी का भाग था :

(A) ₹ 35,000
(B) ₹ 9,583
(C) ₹ 28,750
(D) ₹ 8,750

14. क, ख तथा ग की साझेदारी फर्म के विघटन के समय संचित लाभ ₹ 40,000 को निम्न में से किस खाते में हस्तांतरित किया जाएगा ? **1**

(A) पुनर्मूल्यांकन खाता
(B) वसूली खाता
(C) साझेदारों के पूँजी खाते
(D) बैंक खाता

15. **अभिकथन (A) :** साझेदारी ऐसे लोगों के मध्य संबंध है जो व्यवसाय का लाभ बाँटने के लिए सहमत हुए हैं जिसका संचालन सभी द्वारा अथवा सभी के लिए किसी एक द्वारा किया जा सकता है। **1**

**कारण (R) :** यदि एक साझेदार समान प्रकृति का कोई व्यवसाय करता है तथा फर्म के साथ प्रतियोगिता करता है, तो वह उसका लेखा करेगा तथा व्यवसाय से अर्जित सभी लाभ का भुगतान फर्म को करेगा।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) दोनों (A) तथा (R) सही हैं।
(B) दोनों (A) तथा (R) गलत हैं।
(C) दोनों (A) तथा (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(D) दोनों (A) तथा (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।


https://www.evidyarthi.in/

13. Khushi, Namita and Manvi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 2 : 3. On 30th June, 2022, Khushi died. The partnership deed provided that on the death of a partner, her share of profit till the date of death was to be calculated on the basis of average profit of last three years less ₹ 10,000. 1

Profits for the last three years were :

| Year ended | Profits/Loss (₹) |
|---|---|
| 31st March, 2020 | 1,20,000 |
| 31st March, 2021 | (50,000) |
| 31st March, 2022 | 1,70,000 |

Khushi's share of profit till the date of her death was :

(A) ₹ 35,000
(B) ₹ 9,583
(C) ₹ 28,750
(D) ₹ 8,750

14. On dissolution of the partnership firm of A, B and C, the accumulated profits of ₹ 40,000 will be transferred to which of the following account ? 1

(A) Revaluation Account
(B) Realisation Account
(C) Partners' Capital Accounts
(D) Bank Account

15. **Assertion (A) :** Partnership is the relation between persons who have agreed to share the profits of the business carried on by all or any of them acting for all. 1

**Reason (R) :** If a partner carries on any business of the same nature and competing with that of the firm, he/she shall account for and pay to the firm all profit made by him/her in that business.

Choose the correct option from the following :

(A) Both (A) and (R) are correct.
(B) Both (A) and (R) are incorrect.
(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(D) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).



https://www.evidyarthi.in/

16. (a) आयशा लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,10,000 अंशों का जिन्हें 20% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना तथा ₹ 3 प्रति अंश की अन्तिम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। अंश हरण खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जायेगी : 1

(A) ₹ 5,50,000 (B) ₹ 7,70,000

(C) ₹ 2,20,000 (D) ₹ 5,00,000

**अथवा**

(b) निम्न में से कौन सा कथन सही है ? 1

(A) एक सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी के अंश मुक्त रूप से हस्तान्तरणीय नहीं होते।

(B) प्रदत्त पूँजी अभिदत्त पूँजी का वह भाग है जिसे माँगा गया है।

(C) संस्था के बहिर्नियमों में दी गई पूँजी से अधिक पूँजी कम्पनी एकत्रित नहीं कर सकती।

(D) पूँजी का वह नहीं माँगा गया भाग जिसे केवल कम्पनी के विघटन के समय ही माँगा जा सकता है, पूँजी संचय कहलाता है।

17. (a) तरुन, अभिषेक, कमल तथा विवेक एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। 31 मार्च, 2022 को कमल सेवानिवृत्त हो गया। तरुन, अभिषेक तथा विवेक ने भविष्य में लाभ बराबर–बराबर बाँटने का निर्णय किया। कमल की सेवानिवृत्ति पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 9,00,000 किया गया।

अपनी गणना को स्पष्टता से दर्शाते हुए कमल की सेवानिवृत्ति पर ख्याति के लेखांकन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए। यह निर्णय लिया गया है कि ख्याति को फर्म की पुस्तकों में दर्शाया नहीं जाएगा। 3

**अथवा**

(b) अतुल तथा गीता साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे। ईरा को लाभ में 1/4वें भाग के लिए फर्म में प्रवेश दिया गया। ईरा अपनी पूँजी के रूप में ₹ 40,000 लाई। ख्याति, परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकन आदि से संबंधित सभी समायोजनों के पश्चात् अतुल तथा गीता की पूँजी क्रमशः ₹ 60,000 तथा ₹ 40,000 थी। यह सहमति हुई कि साझेदारों की पूँजी नए लाभ विभाजन अनुपात के अनुसार होगी।

पुराने साझेदारों को भुगतान की जाने वाली अथवा उनके द्वारा लाई जाने वाली पूँजी की गणना कीजिए तथा इसके लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि/प्रविष्टियाँ कीजिए। 3



https://www.evidyarthi.in/

16. (a) Aysha Ltd. forfeited 1,10,000 shares of ₹ 10 each issued at 20% premium for the non-payment of first call of ₹ 2 per share and final call of ₹ 3 per share. Share Forfeited Account will be credited with : 1

(A) ₹ 5,50,000 (B) ₹ 7,70,000

(C) ₹ 2,20,000 (D) ₹ 5,00,000

**OR**

(b) Which of the following statements is true ? 1

(A) The shares of a public limited company are not freely transferable.

(B) Paid up capital is that part of the subscribed capital which has been called up.

(C) The company cannot raise more capital than the amount of capital as specified in the Memorandum of Association.

(D) The part of the uncalled capital which is called only in the event of winding up of the company is called Capital Reserve.

17. (a) Tarun, Abhishek, Kamal and Vivek were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2 : 2. Kamal retired on 31st March, 2022. Tarun, Abhishek and Vivek decided to share future profits equally. On Kamal's retirement goodwill of the firm was valued at ₹ 9,00,000. Showing your working clearly, pass the necessary journal entry for treatment of goodwill on Kamal's retirement. It was decided not to show goodwill in the books of the firm. 3

**OR**

(b) Atul and Geeta were partners sharing profits in the ratio 3 : 2. Ira was admitted into the firm for 1/4th share of profits. Ira brought ₹ 40,000 as her capital. The capitals of Atul and Geeta after all adjustments relating to goodwill, revaluation of assets and liabilities etc. are ₹ 60,000 and ₹ 40,000 respectively. It is agreed that capitals should be according to the new profit sharing ratio.

Calculate the amount of actual cash to be paid off or brought in by the old partners. Pass the necessary journal entry/entries for the same. 3



https://www.evidyarthi.in/

18. (a) आशा, दिशा तथा राघव एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । साझेदारी समझौते के अनुसार राघव को ₹ 40,000 लाभ की गारंटी दी गई थी । 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 1,20,000 था ।

31 मार्च, 2022, को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ–हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । 3

**अथवा**

(b) अखिल तथा निखिल साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 1,00,000 तथा ₹ 80,000 थीं । पूँजी पर 6% वार्षिक दर से ब्याज की सहमति हुई । निखिल को ₹ 9,200 का वार्षिक वेतन दिया जाना था । वर्ष 2021-22 में पूँजी पर ब्याज की गणना से पूर्व परन्तु निखिल का वेतन लगाने के पश्चात् शुद्ध लाभ ₹ 1,20,000 था ।

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ–हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । 3

19. आयुष तथा आरुषि साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । उन्होंने लाभ में 1/4वें भाग के लिए नवीन को एक साझेदार बनाया । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर करना था । फर्म का औसत शुद्ध लाभ ₹ 20,000 था । फर्म में ₹ 50,000 का पूँजी निवेश था तथा सामान्य प्रत्याय दर 10% थी । नवीन द्वारा लाये गए ख्याति प्रीमियम की राशि की गणना कीजिए । 3

20. कुबेर लिमिटेड ने अमृत लिमिटेड की ₹ 10,00,000 की परिसम्पत्तियाँ तथा ₹ 1,00,000 की देयताओं का क्रय ₹ 8,00,000 के क्रय मूल्य पर किया । कुबेर लिमिटेड ने ₹ 2,60,000 का भुगतान एक चैक के माध्यम से तथा शेष का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 12% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया । कुबेर लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों की रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

21. उन्नति लिमिटेड ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों में विभक्त ₹ 8,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी । कम्पनी ने 60,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु सूचीपत्र जारी किया । कम्पनी को 58,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा प्राप्त हो गईं, केवल 3,000 अंशों के एक अंशधारक मनीत को छोड़कर जिसने ₹ 3 प्रति अंश की दूसरी तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया था । इन अंशों का हरण कर लिया गया ।

(a) कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार स्थिति विवरण में अंश पूँजी दर्शाइए ।

(b) इसी के लिए "खातों के नोट्स" भी तैयार कीजिए । 4



https://www.evidyarthi.in/

18. (a) Asha, Disha and Raghav were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 3 : 1. According to the partnership agreement, Raghav was guaranteed an amount of ₹ 40,000 as his share of profits. The net profit for the year ended 31st March, 2022 amounted to ₹ 1,20,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of the firm for the year ended 31st March, 2022. **3**

**OR**

(b) Akhil and Nikhil were partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their fixed capitals were ₹ 1,00,000 and ₹ 80,000 respectively. Interest on capital was agreed @ 6% p.a. Nikhil was to be allowed an annual salary of ₹ 9,200. During the year 2021-22, the net profit prior to the calculation of interest on capital but after charging Nikhil's salary amounted to ₹ 1,20,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of the firm for the year ending 31st March, 2022. **3**

